7071(E)
6/10/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 5/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना के अन्तर्गत Widening and Strengthening to Four Lane of Left Out Portion of NH-30, Bihta Chowk to Danapur, Total Length 22.740 Km. for the year 2024-25 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति:

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–29.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2968 दिनांक–29.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिए गए निर्णय पर विभागीय ज्ञापांक–6843(ई०) दिनांक–25.09.2026 द्वारा संसूचित परिवाद समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3422(अनु०) दिनांक–29.09.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	Widening and Strengthening to Four Lane of Left Out Portion of NH-30, Bihta Chowk to Danapur, Total Length 22.740 Km. for the year 2024-25
2.2	योजना मद	:	5054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹18248.49 लाख। विभागीय पत्रांक–1685(S) दिनांक–28.02.2025
2.5	संशोधित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹8524.00 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–4390(अनु०) दिनांक–19.12.2025
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	:	₹9756.39190 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	18 (Eighteen) Months.
2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (SBD)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	05.08.2026

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 05 (पाँच) अदद यथा :-

(i) M/s S.B. Engicon Pvt. Ltd. (ii) Brajendra Kumar Singh

(iii) M/s Sakshi Enterprises (iv) BPC Infra Projects Pvt. Ltd.

(v) Sanskriti Enterprises

2.11 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। दिनांक–16.06.2026 को विभागीय निविदा समिति द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया गया।

2.12 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग एवं परिवाद समिति द्वारा प्राप्त परिवाद के निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–113 / 2025
उपभागीय ज्ञापांक–2968 दिनांक–29.08.2026
विभागीय ज्ञापांक–6843(ई०) दिनांक–25.09.2026

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त है। दिनांक–24.09.2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में विभागीय ज्ञापांक–6843(ई०) दिनांक–25.09.2026 द्वारा परिवाद का निस्तारण किया जा चुका है।

2.14 तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार का नाम एवं उनका निविदित दर निम्नरूपेण है :–

क्र० सं०	निविदाकार का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (Rs.)	उद्धृत दर (%)	उद्धृत दर पर राशि (Rs.)	बीड रैंक
1.	M/s S.B. Engicon Private Limited	₹97,56,39,190.00 (सन्तानवे करोड़ छप्पन लाख उनचालीस हजार एक सौ नब्बे रुपये)	परिमाण विपत्र की राशि से 5.00% (पाँच दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर।	₹92,68,57,230.50 (बानवे करोड़ अड़सठ लाख सत्तावन हजार दो सौ तीस रुपये पचास पैसे)	L-1

3. मुख्य अभियंता, दक्षिण का अनुशंसा (पत्रांक–3422(अनु०) दिनांक–29.09.2026) :–

अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पटना का पत्रांक–1812(अनु०) दिनांक–26.09.2026 से प्राप्त विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु संलग्न कर अनुशंसा के साथ समर्पित किया जाता है।

अतः पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल एकल दर दाता M/s S.B. Engicon Private Limited के पक्ष में कार्य आवंटन हेतु अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः–

4.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3422(अनु०) दिनांक–29.09.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना के अन्तर्गत **Widening and Strengthening to Four Lane of Left Out Portion of NH-30, Bihta Chowk to Danapur, Total Length 22.740 Km. for the year 2024-25** कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल एकल निविदाकार **M/s S.B. Engicon Private Limited** के पक्ष में उनके उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 5.00% (पाँच दशमलव शून्य) प्रतिशत कम यानि ₹92,68,57,230.00 (बानवे करोड़ अड़सठ लाख सत्तावन हजार दो सौ तीस रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

4.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

4.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त **Performance Security** प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

4.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

4.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

4.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

05/10/26	05/10/2026	05/10/26	
(मजिद अहमद)	(संजय कुमार भारती)	(उमा कान्त रजक)	(पंकज कुमार पाल)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।	सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक: प्र0–7/निविदा–03–113/2025 7021(E) पटना, दिनांक 6/10/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पटना/कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/10/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।